रांची । मंगलवार । 4 अगस्त 2015

नया इंडिया

प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

दुमका। माननीय नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, दुमका के तात्वावधान मे विधिक सेवा से जुडे पैनल अधिवक्ताओ के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को समापन हो गया। समापन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश चंद्रेश कुमार ने उम्मीद जताई की तीन दिवसीय कार्यशाला से मिली विधिक जानकारी का लाभ सभी पैनल अधिवक्ता अभिवंचितो एवं समाज के सबसे नीचे पायदान पर खडे लोगो को न्याय दिलाने मे करेंगे। प्राधिकार के सचिव राधाकृष्ण ने बताया कि कार्यशाला के अंतिम दिन दो सत्रो मे प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे नालसा से प्रशिक्षित मास्टर ट्रैनर किरण तिवारी ने 30 पैनल अधिवक्ताओ को दो सत्रो मे प्रशिक्षण दिया। प्रथम सत्र मे पैनल अधिवक्ताओ को सीपीसी एवं दिवानी मुकद्मो के विभिन्न व्यवहारिक आयामो को विस्तार से बताया। वही दूसरे सत्र मे पैनल अधिवक्ताओ को दिवानी मुकदमो के क्षेत्राधिकार, दिवानी मुकद्मा को दायर करने के दरम्यान क्या करे ओर क्या न करे के बारे मे बताया गया। तीन दिनो तक चले इस प्रशिक्षण कार्यशालाओ को पैनल अधिवक्ताओ ने काफी लाभप्रद बताते हुए, इसे निकट भविष्य मे फिर आयोजित किये जाने की अपील की।